संपादकीय

आइडिया चाहिए, एकाउंटिंग नहीं

नई परिस्थितियों में भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसी दिशा की जरूरत है, इस सवाल पर चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन इसमें कोई योगदान करने के बजाय आर्थिक सर्वे महज दूरगामी सब्जबाग दिखाने का दस्तावेज बन कर रह गया।

आर्थिक सर्वे से अपेक्षा रहती है कि वह चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था का जो हाल रहा, में उसकी ठोस तस्वीर पेश की जाएगी। चूकि यह दस्तावेज सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार तैयार करते हैं, तो यह अपेक्षा रहती है कि वे अपनी विशेषज्ञता का लाभ देते हुए अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद समस्याओं के समाधान के लिए कुछ विकल्प पेश करेंगे। लेकिन वर्तमान सरकार के तहत- खासकर इसके दूसरे कार्यकाल में यह सरकारी नारों और सरकार के राजनीतिक तकाजों के मुताबिक कहानी बताने का दस्तावेज भर बनता चला गया है। इसलिए 2022-23 के सर्वे से कोई ऐसा आइडिया सामने नहीं आया है, जिस पर बहस की जाए। मसलन, जब अरविंद सुब्रह्मण्यम नरेंद्र मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार थे, तब उन्होंने सर्वे में बढ़ती गैर-बराबरी जैसी समस्याओं पर गौर किया था। उससे न्यूनतम बुनियादी आय (यूबीआई) जैसे विचार बहस के लिए मिले थे।

उसके बाद ऐसे विचारों का अभाव होता गया है। इस समय विश्व अर्थव्यवस्था एक बुनियादी बदलाव के दौर में है। ग्लोबलाइजेशन का दौर पलट गया है और अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों में आर्थिक नीतियां तय करने में फिर से सरकारों ने अपनी भूमिका बढ़ा ली है। यानी 1990 के दशक में मुक्त बाजार का जो विचार प्रचलित हुआ था, वह अब अतीत की बात हो गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अमेरिकी डॉलर से अलग रहते हुए भुगतान करने का नया चलन सामने आया है, जिससे एक बिल्कुल नई वित्तीय व्यवस्था के अस्तित्व में आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में भारत के सामने क्या विकल्प हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसी दिशा की जरूरत है, इस अहम सवाल पर चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन इस दिशा में कोई योगदान करने के बजाय आर्थिक सर्वे महज एकाउंटिंग और दूरगामी सब्जबाग दिखाने का दस्तावेज बन कर रह गया। जबकि निकट भविष्य चुनौतियों से भरा है। खुद सर्वे में स्वीकार किया गया है कि आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट आएगी, महंगाई का दबाव बना रहेगा, चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है और निर्यात के मोर्चे पर चुनौतियां गंभीर होंगी। लेकिन हल क्या है, इस बिंदु पर बात गोलमोल कर दी गई है।

गौतम अडानी को एक और बड़ा झटका, डाउ जोन्स इंडेक्स से बाहर होगा अडानी इटरप्राइजेस का शेयर

मुंबई। गौतम अडानी को एक और बड़ा झटका लगा है। अडानी एंटरप्राइजेस को 7 फरवरी से पहले डाउ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स से हटा दिया जाएगा। एक दिन पहले ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अडानी ग्रुप के तीन शेयरों अडानी एंटरप्राइजेस, अडानी पोर्ट्स और अम्बुजा सीमेंट्स को 3 फरवरी 2023 से एडीशनल सर्विलांस मीजर फ्रेमवर्क के तहत डालने की जानकारी दी थी। अब यह स्टॉक डाउ जोन्स सस्टेनबिलिटी इंडेक्स से बाहर होने की कगार पर है। इसका प्रभावी समय मंगलवार 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह जानकारी यूएस मार्केट ने दी है।

अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज ने अडानी एंटरप्राइजेज को एसएंडपी डाउ जोंस सस्टेनबिलिटी इंडेक्स से बाहर करने के ऐलान के बारे में कहा गया है कि अडानी एंटरप्राइजेज को स्टॉक हेरफेर और अकाउंटिंग फ्रॉड के आरोपों द्वारा ट्रिगर किए गए मीडिया और स्टेकहोल्डर एनॉलिसिस के बाद डाउ जोन्स स्स्टेबिलिटी इंडेक्स से हटा दिया जाएगा। इंडेक्स की घोषणा में कहा गया है कि एसएंडपी डाउ जोन्स इंडेक्स मंगलवार 7 फरवरी, 2023 को खुलने से पहले प्रभावी बदलाव करेंगे। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट है। पिछले छह सत्रों में, एनएसई पर अडानी एंटरप्राइजेज शेयर की कीमत 3,442 रुपए से 55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए, 1,565 रुपए से अधिक स्तर तक गिर गई है।

25 जनवरी के बाद से अडानी को झटके पर झटके लग रहे हैं। पिछले 9 दिन में अडानी ग्रुप को

8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। अडानी ग्रुप के कई स्टॉक्स 60 फीसद से नीचे आ चुके हैं। इसकी वजह से गौतम अडानी को ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में चौथे नंबर से 21वें पर लाकर पटक दिया।

इस साल अडानी की संपत्ति 59.2 अरब डॉलर कम होकर 61.3 अरब डॉलर रह गई है। अडानी को करीब 52 अरब डॉलर का झटका तो केवल केवल एक हफ्ते में लगा है। आरबीआई ने सभी बैंकों से अडानी एंटरप्राइजेस को दिये कर्ज

एसबीआई ने दिया अडानी ग्रुप को 21 हजार करोड़ का लोन, रिपोर्ट में हुए खुलासे से मचा हड़कंप

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के गौतम अडाणी घिरते नजर आ रहे हैं। एक तरफ रविवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ वहीं एक रिपोर्ट ने सनसनीखेज खुलासा किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 21000 करोड़ (2.6 अरब डॉलर) रुपये का लोन अडानी ग्रुप की फर्मों को दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नियमों के तहत जितना कर्ज देने की अनुमति है ये रकम उसकी आधी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उसे यह जानकारी कुछ लोगों ने न पहचाने जाने की शर्त पर दी है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, स्क्चढ़ढ के प्रतिनिधि ने लोन की बात पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया था। विभिन्न बैंकों द्वारा गौतम अडानी की कंपनियों को दिया गया लोन अमेरिका में आधारित हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद शेयरों में आई गिरावट की वजह से निगरानी में आया है। अडानी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है और रिपोर्ट को फर्जी करार दिया है। दूसरी तरफ, पंजाब नेशनल बैंक ने अडानी ग्रुप को 70 बिलियन रुपये का लोन दिया है। पिछले महीने बैंक के चीफ एग्जीक्यूटिव अतुल गोयल ने यह जानकारी दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसबीआई द्वारा अडानी को दिए गए पैसों में इसकी विदेशी इकाइयों से 200 मिलियन डॉलर भी शामिल हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने गुरुवार को कहा कि उथल-पुथल से प्रभावित अडानी समूह की कंपनियां कर्ज चुका रही हैं और बैंक ने अब तक जो कुछ भी उधार दिया है, उसमें तत्काल उन्हें कोई चुनौती नहीं दिख रही है। ब्लूमबर्ग ने एक सूत्र के आधार पर ये जानकारी दी है।

की जानकारी मांगी है। वहीं, अडानी ग्रुप ने 20 हजार करोड़ रुपए के फुली सब्सक्राइब्ड एफपीओ को रद्द कर इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने की बात कही है। अब अमेरिकी शेयर बाजार ने भी झटका दे दिया है।

महंगाई का झटका, अब प्रति लीटर 3 रुपए महंगा मिलेगा दूध- नए दाम आज से लागू

नई दिल्ली। डेयरी को-ऑपरेटिव अमूल ने दूध के दाम में इजाफा करने का ऐलान कर दिया है। दूध के दाम में तीन रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। नए दाम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

इस संशोधन के बाद अमूल गोल्ड की कीमत 66 रुपए प्रति लीटर, अमूल ताजा की कीमत 54 रुपए प्रति लीटर, अमूल गाय का दूध 56 रुपए प्रति लीटर और अमूल ए2 भैंस के दूध की कीमत अब 70 रुपए प्रति लीटर होगी। बता दें कि अमूल ने पिछले साल अक्तूबर में कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। कहा गया था कि कीमतों में यह वृद्धि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में केवल पशुओं के चारे की लागत में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, दिसंबर में मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

एपीडा ने यूएई के क्रेताओं के लिए जारी किया मोटे अनाज पर ई-कैटलॉग

नई दिल्ली। भारत से मिलेट्स (ज्वार, बाजरा और मोटे अनाज) तथा इसके मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ वीडियो क्रांफ्रेंसिंग सुविधा के जरिए क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार एपीडा ने इस अवसर पर यूएई के लिए ई-कैटलॉग (डिजिटल विवरण सूची) जारी की।

इस कैटलॉग में भारतीय बाजरा में उपलब्ध मिलेट्स (मोटे अनाज) और उनके मूल्यवर्धित उत्पादों की सूची, सक्रिय निर्यातकों की सूची, इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्ट-अप, एफपीओ और आयातक/खुदरा श्रृंखला/हाइपर बाजार आदि की जानकारी शामिल है।

यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर के नेतृत्व में वहां स्थित भारतीय मिशन के सहयोग से आयोजित इस बैठक में यूएई के लिए ई-कैटलॉग को भारतीय दूतावास और बाजरा आपूर्ति श्रृंखला में संभावित आयातकों, निर्यातकों, स्टार्ट अप और अन्य हितधारकों को वितरित किया गया।

बयान के मुताबिक इस बैठक में कई आयातकों, निर्यातकों, स्टार्ट-अप और अन्य हितधारकों ने भाग लिया और बाजरा और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात अवसरों का पता लगाने के लिए एक-दूसरे के साथ बातचीत की।

भारतीय राजदूत श्री सुधीर ने कहा कि यूएई और क्षेत्र के अन्य बाजारों में भारतीय बाजरा और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात के बड़े अवसर हैं।

एपीडा के अध्यक्ष एम अंगमुथु ने कहा, एपीडा टीम दुनिया भर में भारतीय मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए निर्यातकों, बाजरा उत्पादकों, महिला एफपीओ आदि को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

अहमदाबाद में शुभमन-शो, भारत ने सीरीज जीती

अहमदाबाद। प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (126 नाबाद) के तूफानी शतक और कप्तान हार्दिक पांड्या (30 रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदकर की शृंखला 2-1 से जीत ली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 235 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कीवी टीम 66 रन पर सिमट गयी।

गिल ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक जड़ते हुए नाबाद 126 रन बनाये। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में 12 चौके और सात छक्के जड़े। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने सिर्फ पांच रन पर तीन विकेट गंवा दिये और इसके बाद टीम कभी नहीं उभर सकी। बल्ले से 30 रन का योगदान देने वाले कप्तान पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में सिर्फ 16 रन देकर चार विकेट चटकाये। इसके अलावा शिवम मावी, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने दो-दो सफलतायें हासिल कीं।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद गिल और राहुल त्रिपाठी ने कीवी गेंदबाजों पर आक्रमण शुरू किया। गिल-त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 42 गेंद पर 80 रन जोडक़र भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। त्रिपाठी ने चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 44 रन बनाये, हालांकि वह अपनी निस्वार्थ पारी की 22वीं गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये।

उपकप्तान सूर्यकुमार यादव (13 गेंद, 24 रन) भी अपनी प्रतिष्ठा के हिसाब से कम ही रन बना सके। न्यूजीलैंड ने दो विकेट जल्दी गिराकर चैन की सांस ली ही थी कि गिल ने विस्फोट शुरू कर दिया। गिल ने 16वें ओवर में बेन लिस्टर को दो छक्के जडक़र पारी की रफ्तार बदली और दो ओवर बाद चौका लगाकर अपना पहला टी20 शतक पूरा किया।

राफेल वरेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

पैरिस। फ्रांस के अनुभवी डिफेंडर राफेल वरेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। वरेन ने एक बयान जारी कर कहा, अपने खूबसूरत देश का एक दशक तक प्रतिनिधित्व करना मेरे लिये बेहद सम्मान की बात रही है। मैंने जब भी वह नीली जर्सी पहली तो मुझे गौरव का एहसास हुआ। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दांव पर लगाने, पूरे दिल से खेलने और अपनी टीम के लिये हर मैच जीतने की जरूरत महसूस की। मैं इस बारे में कई महीनों से सोच रहा हूं और मैंने फैसला लिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का सही समय है।

वरेन ने अपने 10 साल के सुसज्जित करियर में 93 बार फ्रांस का प्रतिनिधित्व किया। साल 2013 में पदार्पण करने वाले वरेन सिर्फ 29 साल की उम्र में विश्व कप 2018 जीत चुके हैं और विश्व कप 2023 में उपविजेता रहे हैं। वह डिडिएर डेस्चैम्प्स की फ्रेंच टीम को 2020-21 सत्र में यूईएफए नेशन्स लीग का खिताब भी जिता चुके हैं।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर ने फ्रांस को पिछले साल कतर में लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने में मदद की, जहां उसे अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर मात दी।

गौरतलब है कि फ्रांस के विश्व कप विजेता गोलकीपर और कप्तान ह्यूगो लोरिस ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देने की घोषणा की थी, जिसके बाद वरेन का यह बयान आया है। वरेन ने अपने बयान में कहा है कि यह युवा खिलाडिय़ों के प्रतिभाशाली समूह को जिम्मेदारी सौंपने का समय है।

सेल्फी का पहल गाना मैं खिलाड़ी जारी, इमरान हाशमी ने 10 दिनों तक की रिहर्सल

इमरान हाशमी और अक्षय कुमार मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। यह 24 फरवरी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म से पहला गाना मैं खिलाड़ी जारी कर दिया है। इस गाने में इमरान और अक्षय एक साथ थिरकते नजर आ रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने अक्षय के साथ मैं खिलाड़ी में कदम मिलाने के लिए 10 दिनों तक रिहर्सल की है।

काले चश्मे और काली पतलून के साथ बहु-पैटर्न वाली सीक्विन जैकेट के साथ इमरान हमें 70 के दशक का एहसास दे रहे हैं। गाने के अनूठे मूव्स फिल्म देखने के लिए सिनेमा हॉल जाने के लिए काफी हैं। जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था तो सबसे ज्यादा इमरान के किरदार की चर्चा हुई थी। नेटिज़न्स उसे एक पुलिस वाले के किरदार को निभाते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

एक सूत्र ने खुलासा किया कि इमरान ने अक्षय के ऊर्जा स्तर से मेल खाने के लिए और डांस को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

सेल्फी का निर्देशन राज मेहता ने किया है। फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन ने किया है। इमरान हाशमी और अक्षय कुमार पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे जिसने फिल्म की चर्चा भी बढ़ा दी है। फिल्म में डायना पेंटी और नुसरत भरुचा भी हैं।

रणबीर-श्रद्धा की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का पहला गाना तेरे प्यार में जारी

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर काफी समय से लव रंजन की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब बुधवार को फिल्म का पहला गाना तेरे प्यार में रिलीज हो गया है, जिसमें रणबीर-श्रद्धा की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। पूरे गाने में यह जोड़ी एक-दूजे के प्यार में डूबी दिखाई दे रही है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने निकिता गांधी के साथ गाया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

यह फिल्म 8 मार्च, 2023 को होली के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित किया गया हैं, वहीं टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा इसे प्रस्तुत किया हैं।

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। हल्की थकान महसूस कर सकते हो। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है।

वृष : आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको ख़ुशी देने का हर प्रयास करेगा। आप घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे। अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो क़ामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी।

मिथुन : आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी सबसे बड़ी पूंजी आपकी हँसने-हँसाने की शैली है, अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करके देखें।

कर्क : आज मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा।

सिंह : आज व्यस्त दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। आपका जीवनसाथी अन्य दिनों की अपेक्षा आपका ज़्यादा ख़्याल रखेगा।

कन्या : आज सेहत बढ़िया रहेगी। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं।

तुला : आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।

वृश्चिक : आज कारोबारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। बाहरी खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे।

धनु : आज कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी।

मकर : आज सूझ-बूझ से आप अतिरिक्त धन कमाएंगे। दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खय़ाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज़्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले।

कुंभ : आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। आज प्यार की मदहोशी में हक़ीक़त और फ़साना मिलकर एक होते मालूम होंगे।

मीन : आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए।

टेस्टी हरी मिर्च का अचार बनाने के लिए ट्राई करें रेसिपी

अचार के बिना खाने का स्वाद अधूरा रहता है। चाहें तो आप हरी मिर्च का अचार बनाकर स्टोर कर सकते हैं। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी जरुरी है। आइए जानते हैं, इसकी विधि।

सामग्री :

1 कप हरी मिर्च, 1 'चम्मच हल्दी पाउडर, 1 टी स्पून सिरका, 1 चम्मच हिंग, 2 बड़ा चम्मच सरसों का तेल, 1 चम्मच राई, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच मेथी दाना, 1 चम्मच जीरा, स्वादानुसार नमक

विधि :

- सबसे पहले एक नॉन स्टिक पैन में सौंफ, राई, मेथी दाना और जीरा भून लें।
- अब इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
- फिर इसे मिक्सी में पीस कर पेस्ट बना लें।
- अब इस मिश्रण को एक बाउल में निकालें, इसमें हरी मिर्च डालें।
- इसमें हल्दी पाउडर, नमक, सिरका, हींग और सरसों का तेल डालें और इसे अच्छी तरह मिलाएं।
- इस अचार को एक साफ डिब्बे में स्टोर कर सकते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 331

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 330 का हल

ग	ल	त	ज्ञ	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

सू-दोकू- 331

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.330 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6